राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 31 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न श्री प्रणब मुखर्जी के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न स्व॰ मुखर्जी भारतमाता के सच्चे सपूत, एक विद्वान एवं लोकप्रिय राजनेता, सुविख्यात अर्थशास्त्री तथा भारतीय राजनीति के एक ऐसे जाज्वल्यमान नक्षत्र थे, जिनके निधन से भारतवर्ष को एक अपूरणीय क्षति हुई है। वे राजनीति की दुनियाँ में आजीवन ‘अजातशत्रु’ बने रहे, जिन्हें सभी राजनीतिक दलों के नेता अभिभावकवत पूरे सम्मान के साथ देखते थे। राज्यपाल ने कहा है कि बिहार के सतत विकास हेतु भी वे बराबर अपना मार्ग–दर्शन प्रदान करते रहते थे।

राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति स्व॰ मुखर्जी की दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों और सभी प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....